कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444

पत्रांक- 386 /12-1 , कोटबंगला दिनांक 24 / 07 /2019

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड
मुनिकीरेती।

विषय :– जनपद उत्तरकाशी में मुस्टिकसौड़–कुरोली मोटर मार्ग के कंकराड़ी बैण्ड से किशनपुर तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.163 हे0 सिविल सोयम भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव सं0–FP/UK/OTHERS/23851/2017.

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक–1447/12–1, दिनांक 16.03.2019 तथा अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भटवाड़ी का पत्रांक–130/(उ0का0)/3 भू0अ0 दिनांक 20.07.2019।

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्रम में अवगत कराना है कि क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण मंत्रालय का पत्रांक–8बी/यू0सी0पी0/06/100/2018/एफ0सी0/1373 दिनांक 08.10.2018 के द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निराकरण पूर्व में ही कर दिया गया है, किन्तु आपके द्वारा भारत सरकार के उक्त पत्र में उल्लिखित बिन्दु सं0–2 के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि वांछित प्रपत्रों की हार्ड कॉपी आपके कार्यालय को प्राप्त नही हुई है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रयोक्ता एजेन्सी ने उक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा पुनः नया संशोधित प्रस्ताव तैयार कर इस कार्यालय को प्रेषित किया है। उक्त प्रस्ताव की चार प्रतियां अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव को अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्च स्तर को प्रेषित करने की कृपा करेंगे।

संलग्नकः– प्रस्ताव की चार प्रतियां।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपि :– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भटवाड़ी को उनके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।

Scanned by CamScanner